राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती के उपलक्ष में व्याख्यान

"ग्रामोदय के शिल्पकार – नानाजी देशमुख"

नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान जबलपुर एवं नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में नानाजी देशमुख की जयंती 11 अक्टूबर के उपलक्ष में एक व्याख्यान विषय "ग्रामीण विकास माडल के जनक – राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख" पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सभागार, प्रशासनिक भवन, इंडियन कॉफी हाउस के सामने, अधारताल जबलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर कपिल देव मिश्र कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस.पी. तिवारी कुलपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप दुबे, मान. प्रांत संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महाकोशल प्रांत, जबलपुर। अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल एवं तुलसी का पौधा प्रदान करके किया गया। नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के सचिव डॉ. आशीष मिश्रा ने संस्थान का परिचय एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप दुबे, प्रांत संघचालक, महाकोशल प्रांत ने अपने उदबोधन मे कहा कि नानाजी देशमुख एक समर्पित राष्ट्र नायक थे। नानाजी ने ग्राम सुधार, कृषि, स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं स्वरोजगार के क्षेत्र मे व्यवहारिक कार्य किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस.पी. तिवारी, कुलपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने कहा कि ग्रामीण विकास के माडल को व्यवहारिक रूप में विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किया जायेगा। आपने कहा कि

नानाजी देशमुख के नाम से श्रेष्ठ विद्यार्थी को अवार्ड प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. कपिल देव मिश्र, कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ने कहा कि नानाजी देशमुख ने प्राकृतिक चिकित्सा, योग, स्वरोजगार के माध्यम से ग्रामीण विकास की संकल्पना स्थापित की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा एवं आभार डॉ. विजय आनंद मरावी ने किया। कार्यक्रम मे डॉ. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार डॉ. श्रीकांत जोशी, कंट्रोलर श्री अजय सिंह ठाकुर, डीन डॉ. राजेश शर्मा, असि. रजिस्ट्रार डॉ. रामकिंकर मिश्र, श्री रमेश श्रीवास, डॉ. वीणा अहलुवालिया, डॉ. हेमंत, एड. अखिलेश शुक्ला, श्री हीरा तिवारी, डॉ. रामप्रकाश चौबे, रंजन द्विवेदी, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर